University of Lucknow Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय शताब्दी उत्सव

(नैक द्वारा A++ प्रत्यायित)
कुलसचिव कार्यालय

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

संख्या .....

दिनांक.....

सेवा में,

प्रबंधक/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
(लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर (खीरी), रायबरेली)

विषयः– मा० राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया के जन्मदिवस के अवसर पर आगामी 21.11.2026 को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली भारत बौद्धिक्स 2.0 परीक्षा में समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों की शत–प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल (अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश के संलग्न पत्र दिनांक 24.10.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा मा० राज्यपाल महोदया/कुलाधिपति के जन्मदिवस के अवसर पर आगामी 21.11.2026 को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली भारत बौद्धिक्स 2.0 परीक्षा में समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों की शत–प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित कराने एवं संलग्न पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं पर कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

अतः सन्दर्भित पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुये अनुरोध है कि मा० राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया के जन्मदिवस के अवसर पर आगामी 21.11.2026 को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली **भारत बौद्धिक्स 2.0 परीक्षा** में अपने महाविद्यालय की शत–प्रतिशत सहभागिता के साथ ही पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(डॉ० भावना मिश्रा)
कुलसचिव

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

संख्या GA-21098-21103 दिनांक : 02/11/26

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा० कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. प्रो० राकेश द्विवेदी, समाज कार्य विभाग, ल०वि०।
3. प्रो० अभिषेक तिवारी, विधि विभाग ल०वि०।
4. इंचार्ज, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि समस्त को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने कष्ट करें।
5. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कार्यालय उपयोगार्थ।
6. गार्ड फाइल।


Amisha


कुलसचिव

ई–मेल द्वारा

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ–226027

संख्याः ई–1235 / 32–जी.एस. / 2026
दिनांक: 21 अक्टूबर, 2026





प्रेषक:

विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल
(अपर मुख्य सचिव स्तर),
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

GA-877
28/10/2026

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय / महोदया,

कृपया अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 22.10.2026(गुरूवार) को सायं 04:30 बजे आयोजित ऑनलाइन समीक्षा बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. उक्त बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि आगामी 21 नवंबर, 2026 माननीय कुलाधिपति महोदया के जन्मदिवस के सुअवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली 'भारत बौद्धिक्स 2.0' की परीक्षा में प्रदेश के समस्त शासकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की शत–प्रतिशत एवं सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में निम्नलिखित बिन्दुओं पर कार्यवाही किया जाना है :–

O.S.C.G.A)
DM
20/10

i. दिनांक 21 नवंबर 2026 को 'भारत बौद्धिक्स 2.0' परीक्षा का भव्य आयोजन होना है। अतः इस तिथि को महाविद्यालय स्तर पर कोई अन्य आंतरिक, मिड–टर्म या वार्षिक परीक्षा आयोजित न की जाए, जिससे सभी छात्र–छात्राएं इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकें।

ii. जिन महाविद्यालयों में कम से कम 200 छात्र–छात्राएं नामांकित / पंजीकृत होते हैं, उन सभी महाविद्यालयों को 'भारत बौद्धिक्स 2.0' परीक्षा का अधिकृत परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा।

27/10/26
Registrar
Prof. Rakesh Dixit
Prof. Abhishek Tiwari

iii. प्रत्येक महाविद्यालय अपने स्तर पर एक वरिष्ठ प्राध्यापक / शिक्षक को 'नोडल अधिकारी' नामित करें, जो पंजीकरण से लेकर परीक्षा संचालन तक की संपूर्ण व्यवस्था का उत्तरदायित्व संभालेंगे। साथ ही, परीक्षा की सुचिता हेतु नोडल अधिकारी एवं विश्वविद्यालय / संस्थान तथा सम्बद्ध महाविद्यालय अपने स्तर पर ऑब्जर्वर (प्रेक्षक) की नियुक्ति सुनिश्चित करेंगे।

iv. स्ववित्तपोषित महाविद्यालय भी अपने छात्र–छात्राओं को इस राष्ट्रीय बौद्धिक प्रतियोगिता हेतु विशेष रूप से प्रेरित करें।

v. महाविद्यालय के सूचना पट्ट (Notice Board), आधिकारिक वेबसाइट एवं छात्र Whatsapp समूहों के माध्यम से 'भारत बौद्धिक्स 2.0' परीक्षा की जानकारी अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं तक पहुँचाई जाए।

3. अतः मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस संबंध में प्रो. जयशंकर प्रसाद पाण्डेय, क्षेत्र संयोजक, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, पूर्वी उ.प्र., आचार्य, समाजशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, मो.नं.–9415174370, प्रो. सुभाष मिश्रा, प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ (प्रांत अध्यक्ष– विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, अवध प्रांत) मो.नं.–6394587666 तथा डॉ. मंजुल त्रिवेदी, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, बीएसएनवी पीजी कॉलेज, लखनऊ विश्वविद्यालय (प्रांत सचिव–विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, अवध प्रांत) मो.नं–7651898367 से समन्वय स्थापित कर उपर्युक्त प्रस्तर–2 के बिन्दु i से v तक अपने स्तर से विश्वविद्यालय/संस्थान एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालय में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की सूचना एवं छात्र–छात्राओं के पंजीकरण का विवरण संबंधित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी (RHEO) एवं सम्बद्ध विश्वविद्यालय को शीघ्रताशीघ्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)
भा.प्र.से.(से.नि.)
विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल
(अपर मुख्य सचिव स्तर)
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशेष कार्याधिकारी (श्री देसाई जी), श्री राज्यपाल, उ.प्र. को सूचनार्थ।
2. प्रो. जयशंकर प्रसाद पाण्डेय, क्षेत्र संयोजक, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, पूर्वी उ.प्र., आचार्य, समाजशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. प्रो. सुभाष मिश्रा, प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ (प्रांत अध्यक्ष– विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, अवध प्रांत)।
4. डॉ. मंजुल त्रिवेदी, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, बीएसएनवी पीजी कॉलेज, लखनऊ विश्वविद्यालय (प्रांत सचिव–विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, अवध प्रांत)।

(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)
भा.प्र.से.(से.नि.)
विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल
(अपर मुख्य सचिव स्तर)
उत्तर प्रदेश।